20/04/2026

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्र सरकार ने आज कहा कि पश्चिम एशिया संकट के चलते उत्पन्न व्यवधानों के बावजूद देशभर में घरेलू एलपीजी की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है और किसी भी वितरक केंद्र पर कमी की कोई सूचना नहीं है। नई दिल्ली में एक अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि प्रभावी प्रबंधन के लिए सरकार कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इनमें घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाना, शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में बुकिंग अवधि का विस्तार करना, तथा ग़लत उपयोग को रोकने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड लागू करना शामिल है।

0000000000000000000000

सियांग अपर बहुउद्देश्यीय परियोजना (SUMP) के तहत जारी प्रयासों के क्रम में, आज सियांग जिले के रियू गांव के सत्रह परिवारों द्वारा प्री-फिज़िबिलिटी रिपोर्ट (PFR) गतिविधियों के संचालन के लिए एक अतिरिक्त समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। यह MoU हस्ताक्षर कार्यक्रम सियांग ज़िला उपायुक्त तायी ताग्गू की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिसमें रियू ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तालुम ताबिङ और उपाध्यक्ष ताजान भी मौजूद रहें।

इससे पहले, बासठ प्रतिशत परिवार राज्य सरकार के साथ MoU पर हस्ताक्षर कर चुके हैं, जिससे प्रस्तावित ग्यारह हज़ार मेगावाट जलविद्युत परियोजना के लिए PFR कार्य शुरू करना संभव हुआ।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चौना मेन ने कल महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर (औरंगाबाद) में अंतरराष्ट्रीय ध्यान केंद्र और मठ के शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह पहल वैश्विक बौद्ध समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण अपलब्धी है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश की विशेष भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह ऐसा क्षेत्र है जहाँ महायान और थेरावादा सहित विभिन्न बौद्ध परंपराएँ, समृद्ध स्वदेशी आस्था प्रणालियों के साथ सौहार्दपूर्वक सह-अस्तित्व में विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश ने समुदाय की भागीदारी और सरकारी पहलों के माध्यम से बौद्ध तथा स्थानीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए लगातार कदम उठाए हैं।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में 16वीं राष्ट्रीय जनगणना - जनगणना दो हज़ार सत्ताइस इस महिने की सोलह तारीख से शुरू हो गई है। लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य के शिक्षा मंत्री पासांग दोरजी सोना ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि “जनगणना केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह योजना और विकास की नींव है।”

उन्होंने राज्यवासियों से आगामी तीस अप्रैल तक चलने वाले सेल्फ एन्यूमरेशन अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सटीक जानकारी देने से बेहतर सेवाएँ, बेहतर आधारभूत संरचना और हर समुदाय के लिए बेहतर अवसर सुनिश्चित होते हैं। उन्होंने सभी से समय पर स्वयं गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) पूरी करने का आग्रह किया।

0000000000000000000000

'Ngul Nyishi' यानी हम न्यीशी थीम के साथ अरुणाचल रनवे (AR) 4.0 का ग्रैंड फिनाले कल ईटानगर स्थित न्योकुम लापाङ में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने घोषणा की है कि अरुणाचल रनवे राज्य सरकार का एक वार्षिक कैलेंडर कार्यक्रम बनेगा। उन्होंने 'अरुणाचल क्रिएटिव इकोनॉमी' पहल शुरू करने की भी घोषणा की, जो राज्य के डिजाइनरों, कलाकारों और युवा आइकन्स को अंतरराष्ट्रीय स्तर का मंच और पेशेवर अवसर प्रदान करेगी। प्रतियोगिता में गिमी यामांग को बेस्ट डिज़ाइनर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जबकि नाजा दोलांग दुई प्रथम उपविजेता और तासार आमी द्वितीय उपविजेता रहे। बीकी मीना को **व्यूअर्स चॉइस अवॉर्ड** और खावाइ-राकपाम रांधोनी देवी को बेस्ट डिसिप्लिन अवॉर्ड प्राप्त हुआ।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के ग्यारह जिलों पापुम पारे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, सियाङ, ईस्ट सियाङ, आंजाव, लोहित, नामसाई, चाङलाङ, तिराप और लोङदिङ के लिये अगले 24 घंटों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000

वेस्ट कामेंग जिले के भालुकपोंग में कल उन्नीसवां न्यीशी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्य के गृह, पीएचईडी एवं स्वदेशी मामलों के मंत्री मामा नातुंग ने स्थानीय विधायक के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने भालुकपोंग क्षेत्र में न्यीशी समुदाय के कल्याण के लिए निरंतर सहयोग दिया। उन्होंने समारोह स्थल के विकास, के लिए सहायता देने का आश्वासन भी दिया। स्थानीय विधायक तेनजिन नीमा ग्लो ने अपने संबोधन में सभी जनजातियों के बीच भाईचारा और साम्प्रदायिक सद्भाव को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया।

0000000000000000000000

अपर सुबनसिरी ज़िला उपायुक्त तासो गामबो की अध्यक्षता में प्रस्तावित स्मार्ट मीटर स्थापना को लेकर एक हितधारक बैठक आज जिले के दापोरिजो में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने स्मार्ट मीटर के लाभों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि प्रीपेड और पोस्टपेड दोनों प्रणाली बिलिंग में पारदर्शिता बढ़ाने, मैन्युअल त्रुटियों को कम करने और उपभोक्ताओं तथा विद्युत विभाग के लिए समग्र सुविधा को बेहतर बनाने में सहायक होंगी। बैठक में कॉलोनियों, बाजार संगठनों और सामुदायिक संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने बैठक के दौरान पहुंच, किफ़ायतीपन और उपयोग में सरलता से संबंधित उठाई गई चिंताओं पर भी प्रकाश डाला।

0000000000000000000000